**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1886**
**गुरूवार, 22 दिसम्बर, 2022/1 पौष, 1944 (शक)**

**देश में स्वरोजगार**

**1886. डा. फौजिया खानः**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश में स्व-नियोजित व्यक्तियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) यदि हाँ, तो स्व-नियोजित पुरुषों और महिलाओं की संख्या कितनी-कितनी है और तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) स्व-नियोजित व्यक्तियों, विशेष रूप से महिलाओं की राज्य में रिपोर्ट की गई औसत आय कितनी है;

(घ) स्व-नियोजित उद्यमों में कर्मचारियों की औसत संख्या कितनी है;

(ड.) क्या पुरुषों और महिलाओं की औसत कमाई में अंतर है; और

(च) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (च): रोजगार और बेरोजगारी पर आंकड़े का स्रोत आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) है जिसे वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा आयोजित किया जा रहा है। सर्वेक्षण की अवधि अगले वर्ष जुलाई से जून तक है। उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस प्रतिवेदन के अनुसार, वर्ष 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर स्व-नियोजित कामगारों का अनुमानित प्रतिशत 55.6% था। वर्ष 2020-21 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर स्व-नियोजित कामगारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित प्रतिशत **अनुबंध-I** पर है।

वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट, सर्वेक्षण अवधि के दौरान वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में स्वरोजगार व्यक्तियों के बीच स्व-रोजगार से पिछले 30 दिनों के दौरान औसत सकल आय (रुपये में) पर तिमाही-वार जानकारी प्रदान करती है। अप्रैल-जून, 2021 की सर्वेक्षण अवधि के दौरान सीडब्ल्यूएस में स्व-नियोजित व्यक्तियों के बीच स्व-रोजगार से पिछले 30 दिनों के दौरान अनुमानित औसत सकल आय (रुपये में) पुरुष के लिए 11,345 रुपये, महिला के लिए 5170 रुपये और सभी व्यक्तियों के लिए 10,363 रुपये थी। अप्रैल-जून, 2021 के दौरान सीडब्ल्यूएस में स्व-नियोजित व्यक्तियों के स्वरोजगार से पिछले 30 दिनों के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित औसत सकल आय (रुपये में) **अनुबंध-II** पर है।

*****

**अनुबंध-I**

**राज्य सभा के दिनांक 22.12.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1886 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**स्व-नियोजित के लिए सामान्य स्थिति (पीएस+एसएस) में कामगारों का प्रतिशत वितरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पुरुष | महिला | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 43.0 | 38.1 | 41.1 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 65.9 | 72.8 | 67.6 |
| 3 | असम | 58.2 | 62.7 | 59.2 |
| 4 | बिहार | 63.1 | 68.6 | 63.8 |
| 5 | छत्तीसगढ | 65.1 | 76.1 | 69.7 |
| 6 | दिल्ली | 31.7 | 23.8 | 30.6 |
| 7 | गोवा | 35.2 | 44.7 | 37.7 |
| 8 | गुजरात | 51.6 | 61.2 | 54.4 |
| 9 | हरियाणा | 45.0 | 44.2 | 44.9 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 54.6 | 86.1 | 68.8 |
| 11 | झारखंड | 60.4 | 86.5 | 69.9 |
| 12 | कर्नाटक | 47.3 | 46.3 | 47 |
| 13 | केरल | 39.1 | 34.7 | 37.7 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 60.2 | 63.4 | 61.2 |
| 15 | महाराष्ट्र | 48.8 | 48.9 | 48.8 |
| 16 | मणिपुर | 54.2 | 61.4 | 56 |
| 17 | मेघालय | 48.3 | 50.1 | 49 |
| 18 | मिजोरम | 61.7 | 81.1 | 68.6 |
| 19 | नागालैंड | 52.8 | 75.5 | 61.4 |
| 20 | ओडिशा | 59.2 | 63.6 | 60.5 |
| 21 | पंजाब | 43.6 | 45.2 | 43.9 |
| 22 | राजस्थान | 65.9 | 80.3 | 70.9 |
| 23 | सिक्किम | 54.2 | 69.4 | 60.5 |
| 24 | तमिलनाडु | 32.9 | 35.5 | 33.9 |
| 25 | तेलंगाना | 54.6 | 55.2 | 54.8 |
| 26 | त्रिपुरा | 53.7 | 61.5 | 55.9 |
| 27 | उत्तराखंड | 53.9 | 78.2 | 61.3 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 66.4 | 83.3 | 70.3 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 48.5 | 53.6 | 49.9 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 33.3 | 43.7 | 36.5 |
| 31 | चंडीगढ़ | 25.3 | 16.4 | 22.9 |
| 32 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 23.4 | 49.7 | 29.9 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 49.8 | 85.5 | 62.3 |
| 34 | लद्दाख | 43.6 | 63.7 | 52.1 |
| 35 | लक्षद्वीप | 39.2 | 28.6 | 37.5 |
| 36 | पुडुचेरी | 38.6 | 33.9 | 37.2 |
| | **अखिल भारत** | **53.9** | **59.4** | **55.6** |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

**अनुबंध-II**

**राज्य सभा के दिनांक 22.12.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1886 के भाग (क) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अप्रैल-जून, 2021 के दौरान सीडब्ल्यूएस में स्व-नियोजित व्यक्तियों के बीच स्व-रोज़गार से पिछले 30 दिनों के दौरान औसत सकल आय (रुपये में)**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | पुरुष | महिला | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13,030.56 | 6,947.62 | 12,020.58 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 12,009.96 | 7,029.43 | 10,861.37 |
| 3 | असम | 11,682.61 | 5,622.47 | 10,529.53 |
| 4 | बिहार | 10,509.84 | 6,474.53 | 10,249.00 |
| 5 | छत्तीसगढ | 9,170.94 | 5,770.40 | 8,824.24 |
| 6 | दिल्ली | 22,245.69 | 17,704.50 | 21,778.08 |
| 7 | गोवा | 19,982.82 | 10,340.55 | 18,147.93 |
| 8 | गुजरात | 14,154.54 | 4,988.81 | 12,543.39 |
| 9 | हरियाणा | 16,432.12 | 7,022.74 | 15,181.31 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 10,195.10 | 3,040.38 | 6,955.16 |
| 11 | झारखंड | 7,988.14 | 5,370.32 | 7,654.93 |
| 12 | कर्नाटक | 13,903.86 | 6,362.67 | 12,648.97 |
| 13 | केरल | 11,241.68 | 5,814.37 | 10,061.86 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 9,310.09 | 5,204.70 | 8,900.79 |
| 15 | महाराष्ट्र | 13,062.45 | 6,795.78 | 12,143.71 |
| 16 | मणिपुर | 13,095.09 | 8,743.98 | 12,090.87 |
| 17 | मेघालय | 11,115.69 | 5,305.02 | 9,498.43 |
| 18 | मिजोरम | 15,555.80 | 11,283.60 | 13,940.48 |
| 19 | नागालैंड | 10,552.71 | 7,544.48 | 9,860.27 |
| 20 | ओडिशा | 9,037.48 | 3,453.12 | 8,226.99 |
| 21 | पंजाब | 19,377.48 | 7,237.99 | 17,059.80 |
| 22 | राजस्थान | 10,860.93 | 5,578.77 | 10,100.61 |
| 23 | सिक्किम | 9,640.32 | 5,168.30 | 8,172.91 |
| 24 | तमिलनाडु | 13,612.34 | 5,722.10 | 11,545.62 |
| 25 | तेलंगाना | 12,920.65 | 4,194.54 | 11,251.71 |
| 26 | त्रिपुरा | 11,242.97 | 4,934.89 | 10,323.19 |
| 27 | उत्तराखंड | 11,798.53 | 5,578.34 | 10,606.38 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 9,577.96 | 4,032.56 | 8,755.76 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 8,500.81 | 2,778.14 | 7,423.64 |
| 30 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 16,826.98 | 7,135.16 | 15,091.99 |
| 31 | चंडीगढ़ | 25,266.79 | 17,855.89 | 24,595.51 |
| 32 | दादरा और नगर | 11,833.97 | 7,666.09 | 11,420.86 |
| 33 | जम्मू और कश्मीर | 16,353.93 | 4,630.42 | 12,513.05 |
| 34 | लद्दाख | 15,042.58 | 5,106.40 | 12,260.24 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 36 | पुडुचेरी | 15,655.38 | 7,405.35 | 14,396.52 |
| | **अखिल भारत** | **11,345.35** | **5,169.99** | **10,363.28** |

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई